कायस्थ समाज को समर्पित
# चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन
कार्यालय पता : 84/51, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर-302033



जयपुर, रविवार 30 मार्च 2025 | श्री चित्रगुप्ताय नमः | वर्ष - 3 | अंक : 95 (पेज - 1)

# कायस्थ फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा 16 चित्रांश कायस्थ रत्न से सम्मानित





लखनऊ, दिलीप श्रीवास्तव एडवोकेट चित्रांश एक्सप्रेस। भगवान श्री चित्रगुप्त होली उत्सव राधा कृष्ण झांकी, फूलों की होली संग धूमधाम से भगवान श्री चित्रगुप्त धाम झूलेलाल वाटिका लखनऊ में मनाया गया। कायस्थ फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 16 महानुभावों को कायस्थ रत्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक दिलीप श्रीवास्तव एडवोकेट ने जानकारी देते हुवे बताया कि आज भगवान श्री चित्रगुप्त होली उत्सव पर भगवान श्री चित्रगुप्त धाम झूलेलाल वाटिका लखनऊ में पारिवारिक मिलन भी हुआ। परंपरागत राधा कृष्ण झांकी,गणपति वंदना,हनुमान जी की झांकी, कविताओ का पाठ जादू,सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुवे। वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण सक्सेना ने सभी कायस्थों ने एकजुटता का संकल्प भी दिलाया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि जिसकी जितनी संख्या,उसकी उतनी भागीदारी से सीख लेते हुवे युवा कायस्थों को राजनीति में आगे आना चाहिए। लोकप्रिय विधायक श्री ओ पी श्रीवास्तव ने सभी को होली की बधाई दी। कायस्थों के इतिहास के बारे में उन्होंने विस्तार से बताया उन्होंने कहा कि कायस्थ समाज ने सदैव इतिहास रचा है।

कायस्थ फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री राजीव श्रीवास्तव राजा ने बताया कि इस पावन अवसर पर समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 16 महानुभावों को कायस्थ रत्न सम्मान से कायस्थ फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा सम्मानित किया गया।

सर्वप्रथम जिनके नेतृत्व में कायस्थ फाउण्डेशन ट्रस्ट द्वारा कायस्थ रत्न सम्मान देने की शुरुआत की गई थी, ऐसे कायस्थ फाउण्डेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष स्व0 दिनेश चन्द्र श्रीवास्तव जी, जिन्होंने कायस्थ समाज ही नहीं अपितु समस्त हिन्दुओं को एकजुट करने का कार्य किया साथ ही समाज सेवा की उत्कृष्ट मिशाल पेश की। आज उनके मरणोपरान्त कायस्थ रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाता है।

2. सर्वश्री कुँवर मृदुल राकेश, वरिष्ठ अधिवक्ता उच्च न्यायालय ( वकालत के क्षेत्र में प्रख्यात )
3. सर्वश्री प्रोफेसर विभूति राय ( प्रतिष्ठित शिक्षाविद )
4. सर्वश्री कीर्ति चौधरी ( सुप्रसिद्ध व्यापारी, कायस्थ फाउण्डेशन ट्रस्ट के उपाध्यक्ष )
5. सर्वश्री नरेन्द्र श्रीवास्तव ( प्रख्यात समाजसेवी )
6. सर्वश्री जगदीश श्रीवास्तव ( प्रख्यात समाजसेवी )
7. सर्वश्री अजय कुमार श्रीवास्तव ( प्रतिष्ठिति आर्किटेक्ट )
8. सर्वश्री भरत सक्सेना ( प्रख्यात समाजसेवी )
9. जादूगर राकेश श्रीवास्तव
10. डॉ0 अल्का सक्सेना ( प्रतिष्ठित चिकित्सक )
11. सर्वश्री सर्वेश श्रीवास्तव ( प्रतिष्ठित आर्किटेक्ट )
12. सर्वश्री जितेन्द्र श्रीवास्तव ( प्रतिष्ठित अधिवक्ता )
13. सर्वश्री सन्दीप निगम ( प्रतिष्ठित समाजसेवी )
14. सर्वश्री ज्ञानेन्द्र श्रीवास्तव एडवोकेट ( प्रतिष्ठित अधिवक्ता )
15. सर्वश्री संजीव सक्सेना ( प्रतिष्ठित समाजसेवी )
16. सर्वश्री शैलेन्द्र श्रीवास्तव एडवोकेट ( प्रतिष्ठित अधिवक्ता )

कार्यक्रम में मुख्य रूप से कायस्थ फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री राजीव श्रीवास्तव राजा,संयोजक दिलीप श्रीवास्तव एडवोकेट महामंत्री श्री मनोज डिंगर, कोषाध्यक्ष श्री अरविंद श्रीवास्तव उपाध्यक्ष श्री कीर्ति चौधरी,श्री संजय श्रीवास्तव,श्री संजय श्रीवास्तव एडवोकेट ,श्री स्वप्निल श्रीवास्तव, अपअमा श्रीवास्तव संयुक्त मंत्री श्री अनुराग श्रीवास्तव श्री निशीथ श्रीवास्तव श्री सचिन निगम महिला प्रमुख रंजन श्रीवास्तव आदि की गरिमामय उपस्थिति रही।

# नौकरी वाली सोच से ऊपर उठे कायस्थ समाज : मयंक श्रीवास्तव



प्रयागराज, चित्रांश एक्सप्रेस । महासमिति द्वारा आयोजित कायस्थ समागम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ सुशील सिन्हा चैयरमेन के पी ट्रस्ट प्रयागराज कहा कि कायस्थ समाज जागरूक समाज हैं और देशहित में सदैव समर्पित रहता है। उन्होंने समाज को ट्रस्ट के पी ट्रस्ट प्रयागराज का मेंबर बनने का आह्वान किया। राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मयंक श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थों को नौकरी करने वाली सोच से ऊपर उठकर नौकरी देने वाला बनना चाहते ऐसा प्रयास करें। चित्रांश महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव वर्मा ने कहा कि इस समागम में देशभर के कई संगठन के लोग एक मंच पर मौजूद हैं और एकजुट हैं। इतनी बड़ी संख्या में मौजूद लोग बहुत कम देखने को मिलता हैं। कायस्थ संघ अंतर्राष्ट्रीय के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश चन्द खरे ने कहा कि आज समय की मांग है एकजुट होकर अपनी ताकत दिखाए जो आज जौनपुर में दिखाई दे रहा हैं। अपर जिलाधिकारी अजय अंबष्ट पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव, आर आई अशोक श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष श्रीवास्तव को कायस्थ रत्न से सम्मानित किया गया। कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश कुमार श्रीवास्तव के राष्ट्रीय टीम, प्रदेश टीम के लोगो ने शपथ ग्रहण किया, ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के जिला अध्यक्ष डॉ उमाकांत श्रीवास्तव की टीम ने चित्रांश महासभा के जिला अध्यक्ष दयाल सरन श्रीवास्तव की टीम को शपथ ग्रहण कराया। महिला जिला अध्यक्षों में प्रतिमा श्रीवास्तव टीम महिला जिलाध्यक्ष ज्योति श्रीवास्तव टीम, महिला जिलाध्यक्ष सुमती श्रीवास्तव टीम महिला जिलाध्यक्ष प्रियंका श्रीवास्तव टीम महिला जिलाध्यक्ष सुमन श्रीवास्तव टीम ने छोटे बच्चों का संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुति कर सम्मेलन में चार चांद लगा दिया। समाज के लिए प्रेरणा बने कायस्थ समाज के सफाई कर्मी, ऑटो चालक, पेट्रोल पंप कर्मी को समाज द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया एडवोकेट ने कहा ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त पूजन के दिन श्री चित्रगुप्त मंदिर बारीनाथ से श्री चित्रगुप्त मंदिर रूहटा तक एक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमें हजारों भगवान चित्रगुप्त के भक्त शामिल होंगे।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने मुरादाबाद में होली मिलन सह सम्मान समारोह आयोजित



मुरादाबाद, बॉबी सक्सेना चित्रांश एक्सप्रेस। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के द्वारा राष्ट्रीय महासचिव बॉबी सक्सेना जी के नेतृत्व में होली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कैलाश भटनागर जी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भारत राष्ट्र के अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार श्रीवास्तव जी और सुप्रीम कोर्ट के सीनियर अधिवक्ता धीरेंद्र प्रताप श्रीवास्तव जी ने कार्यक्रम में भाग लिया। समारोह में महासभा के संरक्षक मंडल के सदस्य ए पी शमशेरी जी, प्रबोध सक्सेना जी, सुशील सक्सेना जी, आदर्श सक्सेना जी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र प्रसाद सक्सेना जी और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी राजीव भटनागर जी, जिला प्रभारी अखिलेश सक्सेना जी, और अन्य पदाधिकारियों ने भी अपना योगदान दिया। महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री श्रीमती सविता सक्सेना जी और जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा डॉ. मंजू लता सक्सेना जी ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। समारोह में विभिन्न पदाधिकारियों के अलावा सैकड़ों की संख्या में कायस्थ परिवारों ने भाग लिया और कार्यक्रम की भव्यता को और भी बढ़ाया। कार्यक्रम में समाज के प्रति किए गए कार्यों की सराहना की गई, और आगामी योजनाओं पर भी चर्चा की गई। इस कार्यक्रम ने सगाई, सद्भावना और समुदाय के बीच एकता को प्रोत्साहित किया।

# मुंशी प्रेमचंद साहित्य ग्रुप के इस सप्ताह के साहित्यकार



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

जो न आओ तो अपनी तस्वीर भेज देना,
शायरी में झूठे इश्क़ की तहरीर भेज देना।

होता जो तू हमदर्द तो कोई दर्द न था,
तू हँसता रहे हमें अपनी पीर भेज देना।

लाइलाज है ख़्वाहिशें तुझसे मिलने की,
मरहम न सही कोई फ़कीर भेज देना।

अंजाम-ए-इश्क़ ऐसा न सोचा था कभी,
सुकूँ मिले मुझको ऐसी तदबीर भेज देना।

खुशनसीबों को हो चाँद की रात मुबारक,
जलती शमा को चाँद की तासीर भेज देना।

डॉ रीमा सिन्हा लखनऊ



सुखेन्द्र कुमार माथुर

चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

अभिनय करते स्वार्थ के लिए,
उपदेश देते परमार्थ के लिए,
ये जीवन इक रंगमंच है।

अपने किरदार पर फक्र करते है हम,
गैरो पर तीखी टिप्पणियां करते है हम,
ये जीवन इक रंगमंच है।
सदा बेहतर साबित करते रहना है,
अपने उल्लू को सीधे करते रहना है,
ये जीवन इक रंगमंच है।

प्रतिस्पर्धा सबसे है हम सबकी,
ये दुनिया नहीं है अब भरोसे की,
ये जीवन इक रंगमंच है।
पर्दा ना जाने किसका कब गिर जाए,
ये सांसों का सफर कब पूरा हो जाए,
ये जीवन इक रंगमंच है।



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

कलम की स्याही से लिखे.....
कागज पर उतरे ......
ये शब्द......
जो तुम्हें दिख रहे हैं...
दरअसल.....
ये शब्द नहीं हैं ....
बेइंतिहा धड़कनों का स्पंदन है....!
उफनता सैलाब है ख्यालों का.....
जो मस्तिष्क की कैद से...
कभी छूट न पाये....
और ..
वर्णों की आकृति में ढ़ली.....
ये स्याही भी.....
स्याही नहीं है....
जो चटख-सी दिख रही है......
ये वो कीमती मोती हैं
जो कभी .....
आँखों से बह न पाए......
अंदरूनी जज़्बातों का झरना है....!
अनकही बातों का दरिया है...
जो चाहता है.....
दूर तक बह जाना.....
बहुत दूर तक.....!!
रगों में बहता ज्वार है....!
ये अनकहे सपने हैं....
जो आसमाँ की सैर न कर पाये....
लिख लेने दो ....
इन्हें कागज़ पर.....!!
बह जाने दो...
कविता बन कर......!!
ये सिर्फ शब्द नहीं हैं....
दिल से निकले हैं....
आत्मा से उतरे हैं...!!
देखो !!
तुम भी देखो....
महसूस कर के देखो ....
हल्का हो रहा है मेरा दिल .....
शब्दों को कागज पर
उतार देने के बाद.....!!

अनिता चौधरी 'अनिल'

राजमाला आर्या खंडवा मध्यप्रदेश



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

चिट्ठी
ना जाने कहाँ खो गयीं वो चिट्ठियाँ... ?
जिसने रिश्तों के ना जाने कितने रंग रूप देखें हैं !
कहीं प्यार भरी पाती पिया की ...
तो कहीं जन्म की बधाईयाँ लिखीं हैं !
बुलावे से लेकर मृत्यु तक ....
सबके दुःख सुख की साक्षी चिट्ठी बनी हैं!
चिट्ठी को सहेजते वो काँपते हाथों की हलचल ...
आज भी जीवंत लगती है...!
हर घर मे क़रीने से बंधी एक तार में पिरोई चिट्ठी ...
आंखों में जैसें दिखती है !
टुटे -फुटे ,टेढ़े -मेढ़े अक्षरों में भावनाओं के सुंदर मोती दिखतें हैं !
कहीं अनपढ़ता भी बाध्य ना कर सकी उस प्यार दुलार को कभी ...
किसी ओर से लिखवाई चिट्ठी में भी भावनाओं के वो सागर झलकते हैं!
पत्र की प्रतिक्षा में तुम्हारी....
शब्द कितनें भावनाओं के सागर उड़ेलते है !
बड़ों को प्रणाम!
छोटों को शुभाशीष!
पड़ोसी को जय राम जी की !
अंत में भुल चूक की माफी मांगती ...
वो चिट्ठियों में व्यवहार के सलीके दिखतें हैं !
वो चिट्ठियां ना जाने कहां खो गई है ... ?
चिट्ठियों में जी लेते थें जो प्रगाढ़ रिश्तें-नाते ...
वो परवाह, वो प्यार वाले ना जाने कहां आज चिट्ठियों से ही गुम हैं ?
शोर मचाती इन मोबाइल फोन की घंटियों में ...
प्यार, मनुहार ओर संवेदना मानों जैसे गुम हैं ....!
स्वार्थ के पैमाने पर मानवता की चित्कार ..
ओर दौलत की अंधी दौड़ में भागते रिश्तों के पैरों में ...
कुचली दबी सी लिखीं मौन चिट्ठियां जैसे मानों
व्याकुल है...!
अब कोई संदेश वाहक नहीं ..
ना ही कोई डाकिया आता हैं !
ऑनलाइन का दौर है साहब अब तो ...
दस्तक देकर तो घर सामान ही आता हैं !
चिट्ठियों का दौर तो हमसें के अब सिर्फ जेहन ही में रहता है !
ना जाने क्यों फिर भी मन ...
आज भी कभी ना आने वाली चिट्ठी को तरसता है...!!



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

नफरत का व्यापार कर रहे हैं

अपनों के ही दामन पर वार कर रहे हैं।
लोग यहां नफरत का व्यापार कर रहे हैं।

एक दूसरे के घर की इज्जत उछाल कर,
जानें कितने जीवन बेकार कर रहे हैं।

नहीं जज्बात दिल में प्रेम के एक भी हैं,
मगर प्रेम का बगुले इजहार कर रहे हैं।

सभी जातियों को रहना इसी देश में है,
स्वयं से न जानें क्यों तकरार कर रहे हैं।

भूल चुके हैं शायद अपनी मान- मर्यादा,
आए दिन नग्नता का प्रचार कर रहे हैं।

देवी समझ कर पूजते थे जिन्हें ये कभी,
उन्हीं बहन- बेटियों का शिकार कर रहे हैं।

करते हैं जुर्म हर दिन सरेआम चौक पर,
कोर्ट में गुनाह से इंकार कर रहे हैं।

छोड़ साथ अपने धर्म जाति के लोगों का,
दूसरे मजहब पर ऐतबार कर रहे हैं।

निभा रहे रिश्ते गैर धर्म के लोगों से,
अपने ही भाइयों पर प्रहार कर रहे हैं।

अपनी ही जाति धर्म के व्यक्तिसे उलझकर,
अपने अरि का सपना साकार कर रहे हैं।

जातिवाद के नाम पर लड़ इक दूसरे से,
हँसता- खेलता वतन बेजार कर रहे हैं।

राम जी तिवारी 'राम' उन्नाव ( उत्तर प्रदेश )

खुशी की बज्म में क्या काम जलने वालों का,
नाम होता है बदनाम जलने वालों का ।

सब की नजरों में ही गिर जाते हैं जलने वाले,
यही होता है अंजाम जलने वालों का ।

हासिद बन जाता है इबरत का निशान,
मजाक बन जाता सरे आम जलने वालों का ।

सिर्फ मासूम हूं मैं और गुनहगार हैं सब, हैं
यही तो होता है इल्जाम जलने वालों का ।

बुग्ज, नफरत, हिकारत और रुसवाई,
यही तो होता है ईनाम जलने वालों का ।

सुन लो शाहीन तुम सम्भल के रहो,
दाम हो जाता है बेदाम जलने वालों का

चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

डॉ. संजीदा खानम शाहीन
पटना ( बिहार )



विनय पी श्रीवास्तव

चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन



चला जायेगा इक दिन

चला जायेगा इक दिन तराने गाने वाला,
जमाने के रंजोगम से आँखो को सजाने वाला ।

क्यूँ ढूँढता है इन गलियों में बीता बचपन,
शहरों में कंक्रीट के जंगल उगाने वाला।
उस टपरी में सुबह से चूल्हा नही जला,
शायद लौटा नही घर रोटी जुटाने वाला।

आगे बढ़ने की होड़ में कर चुका कई गुनाह,
मुफलिसों को सब्जबाग दिखाने वाला।
जो सरहदों पर लड़ रहा है उसके दिल से पूछें,
क्या कर रहा है खोखले नारे लगाने वाला।

दुनियाँ है फानी फिर भी कर रहा है फरेब,
सच और झूठ का फर्क समझाने वाला ।
आज आपने क्यूँ इतना मजबूर कर दिया,
दिल के जख्म दिखा गया, राज छुपाने वाला।

संतोष सिंह 'अकेला'

चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

नज़र से नज़रों की चाहत, नहीं समझते क्या।
मुझे है तुमसे मुहब्बत, नहीं समझते क्या।
मैं रूठा था तो मनाने क्यों तुम नहीं आए,
किया था दिल ने बग़ावत, नहीं समझते क्या।

सुना है प्यार का इकरार ही नहीं करते,
वो अपने दिल की ज़रूरत, नहीं समझते क्या।
वो बात दिल की कभी अपने कह नहीं पाया,
दिवाने, दिल की शराफ़त, नहीं समझते क्या।

ज़माना हुस्न में पागल ही होता जा रहा है,
यही है हुस्न की ताकत, नहीं समझते क्या।
यहां वहां तुझे ही ढूंढती नज़र मेरी,
किसी के नज़रो की हसरत, नहीं समझते क्या।

मज़हबी चाल में हर दांव जीतने का हुनर,
यही है सच्ची सियासत, नहीं समझते क्या।

बिना कसूर के मुंसिफ सज़ा नहीं देता,
बताता हूं, ये है गफलत, नहीं समझते क्या।
मैं भी 'अकेला' खड़ा हूं ज़माने में देखो,
किसी के दर्द की कीमत, नहीं समझते क्या।

आश हम्द,
पटना बिहार



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

'खुदा से मोहब्बत'....

लबों पे नाम उसका, दिल में अकीदत होती है ।
हर जानदार शय को खुदा से मोहब्बत होती है ।

दुनिया दिखावे को मस्जिद का रुख न करिए,
ऐसे लोगों की तो कुबूल नहीं इबादत होती है ।

जो करते हैं औरों के भी दिलों की हिफ़ाज़त,
उन्हीं पर सदा हमारे खुदा की रहमत होती है ।

ग़रीब मिस्किनों के दर्द की शिद्दत ना पूछिए,
आजमाइशों की उनपर बड़ी बरकत होती है ।

चलते हैं साथ इम्तेहां के काफ़िले मुसलसल,
मगर.. उनमें भी सजदों की शिरकत होती है ।

जो समझते हैं बेजर सी हमारी दुआओं को,
वो क्या जाने आहों में कितनी हिद्दत होती है ।

# देश के सबसे युवा अरबपति



चित्रांश एक्सप्रेस। हुरून के अनुसार 2025 में देश के सबसे युवा अरबपति रेजरपे के शशांक कुमार और हर्षिल माथुर है। दोनों 34 वर्षीय हैं। इनकी संपत्ति 8,643 करोड रू. है। हर्षिल माथुर अभाकाम संस्था के संरक्षक व नलिनी फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री शिहाने राधे गोविन्द माथुर के छोटे सुपुत्र है।

# इरा कायस्थ महिला ग्रुप इंदौर द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम 'मैं हूं खलनायिका



इंदौर, चित्रांश एक्सप्रेस। ग्रुप की अध्यक्ष वीना सक्सेना ने बताया कि फिल्मों में खलनायिका का रोल बहुत ही महत्वपूर्ण होता है ,सिनेमा समाज का दर्पण होता है खलनायिका हमें बताती थी कि हमें अपनी जिंदगी में क्या करना चाहिए, और क्या नहीं। परिवार को तोड़ने के लिए सास ननंद की साजिश और रिश्तो के महत्व को भी वह अपने अभिनय के माध्यम से बताती थी।

इसीलिए इस बार की मीटिंग में 70 के दशक की खलनायिकाओ और चरित्र अभिनेत्रीयो को प्रस्तुत किया। किसी भी फिल्म में चरित्र अभिनेत्री को भी महत्वपूर्ण रोल होता था उनको भी प्रस्तुत किया गया।

महिलाओं ने हेलन बिंदु नादिरा अनीता गुहा पद्मा खन्ना, निरूपा रॉय, मनोरमा, अरुणा ईरानी के अभिनय को प्रस्तुत करने का प्रयास किया।

इस मनोरंजक कार्यक्रम की संयोजिका थी नमिता श्रीवास्तव, संगीता श्रीवास्तव, सत्य श्रीवास्तव , और रीना खरे, विजेता रही संध्या श्रीवास्तव रागिनी चक्रधर आरती सक्सैना डॉ स्वाति सिंह, प्रतिभा श्रीवास्तव, आराधना सहाय, वंदना श्रीवास्तव, डॉ स्नेहलता श्रीवास्तव,मधु श्रीवास्तव, सुमनलता श्रीवास्तव।

# संगठन के भविष्य की चर्चा – दीपक लाल श्रीवास्तव



लखनऊ ( दीपक लाल श्रीवास्तव ) चित्रांश एक्सप्रेस । अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व आई. आर. एस. प्रधान आयुक्त भारत सरकार श्री अनूप कुमार श्रीवास्तव जी के लखनऊ स्थित आवास पर स्नेह मुलाकात हुआ एवं संगठन के भविष्य की चर्चा की गई जिसमें कई सम्मानित पदाधिकारी भी शामिल हुए, जल्द राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा प्रदेश लेवल पर काफी बदलाव हो सकता है, जिससे उत्तर प्रदेश में नई टीम के साथ नए योजना के साथ नए हर्षोल्लास के साथ कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा, कई अहम पद की घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा किया जा सकता है, एवं के कार्ड को लेकर भी चर्चा किया गया,मिशन 2025 का लक्ष्य नए 25000 के कार्ड का है एवं के कार्ड से मिलने वाले फायदे को जन . जन कायस्थ बंधु को जोड़ने और बताने है।

# जाने–माने गणितज्ञ प्रो. (डॉ) जगदीश लाल कर्ण के निधन पर शिक्षा जगत में शोक की लहर



### उनकी लिखी हुई पुस्तक एब्सट्रैक्ट अलजेब्रा ने राष्ट्रीय स्तर पर दिलाई पहचान

चित्रांश एक्सप्रेस। जाने माने गणितज्ञ प्रो. जगदीश लाल कर्ण का बीती रात मुजफरपुर स्थित निज आवास पर हृदयगति रुक जाने से निधन हो गया। अनुमंडल के अंधराठाढी गांव निवासी प्रो. कर्ण सिने अभिनेता मिशन टू करोड़ चित्रांश अंतरराष्ट्रीय के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र कर्ण के पिता व जगदम कॉलेज छपरा में गणित विभाग के ख्यातिलब्ध प्राध्यापक के पद से सेवानिवृत थे।

शिक्षाविद डॉ संजीव शमा ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए बताया कि प्रो. जेएल कर्ण गणित विषय के अद्वितीय विद्वान थे। भारती भवन पब्लिकेशन से प्रकाशित इनकी लिखी हुई पुस्तक एब्सट्रैक्ट अलजेब्रा को पाठ्यक्रम में पढ़ाया जाता था। वे अपने पीछे दो पुत्र राजेंद्र कर्ण और प्रशांत कर्ण के अलावा पुत्रियां पोते-पोतियां, नाती -व नतिनी से भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

जदयू नेता मनोज लाल ने राष्ट्रीय स्तर पर दिलाई पहचान दास मनु ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि आज चित्रांश समाज ने एक ख्यातिलब्ध गणितज्ञ को खो दिया है।


गणितज्ञ प्रो कर्ण के निधन पर उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा, विधान परिषद अंबिका गुलाब यादव, जिला परिषद अध्यक्ष बिंदु गुलाब यादव, पूर्व विधायक मुद्रिका राय, यूपी सीएम के मीडिया प्रभारी दिनेश करे, अनीता श्रीवास्तव, प्रो जयानंद मिश्र, मिथिलांचल चित्रगुप्त परिवार के डॉ संजीव शमा, अजय कुमार दास, श्याम मोहन कर्ण, आशीष दास, गंगाधर लाल दास, भूषण लाल, शैलेंद्र कुमार दास, डॉ विनय कर्ण, मनोज लाल दास मनु के अलावे मिशन टू करोड़ चित्रांश अंतरराष्ट्रीय के अनिल कर्ण, चितरंजन श्रीवास्तव, रजनीश रंजन तिवारी, चितरंजन श्रीवास्तव, आशा चौधरी, श्वेता श्रीवास्तव, केबी लाल, डॉली दत्त, तुलाकांत दास, प्रकाश कर्ण, प्रवीण कर्ण, रतन जी, दीपक दत्त, प्रदीप दत्त, महेश कर्ण, पीतांबर कर्ण, बीके मल्लिक, वरिष्ठ पत्रकार सुशील श्रीवास्तव, अजीत सिन्हा समेत उनके दर्जनों शिष्यों ने संवेदना प्रकट करते हुए ईश्वर से उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की है।

# रुस में वर्ल्ड कराटे चैंपियनशिप में कोचिंग करेंगे – राहुल श्रीवास्तव




वैशाली, चित्रांश एक्सप्रेस। वैशाली हरिहर क्षेत्र सोनपुर के एक छोटा सा गांव भरपुरा के रहने वाले राहुल श्रीवास्तव के पिता एक किसान थे. राहुल श्रीवास्तव ने 2005 में कराटे के क्षेत्र में कदम रखा था. उसके बाद राहुल श्रीवास्तव ने बिहार और देश के लिए कई गोल्ड मेडल जीतकर लाए और कई बार बिहार की टीम जब बाहर गई तो उसके मुख्य कोच रहे. रूस में आयोजित होने वाले 5 अप्रैल से 8 अप्रैल वर्ल्ड कराटे चैंपियनशिप में भारतीय टीम का मुख्य कोच राहुल श्रीवास्तव को बनाया गया।

# सौम्या श्रीवास्तव छात्र संघ के चुनाव में कोषाध्यक्ष बनने पर



पटना, चित्रांश एक्सप्रेस। पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ के चुनाव में कोषाध्यक्ष के पद पर सौम्या श्रीवास्तव की जीत हुई। सौम्य श्रीवास्तव को 2700 वोट आए और जीत का अंतर 900 वोट रहा। सौम्या श्रीवास्तव अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बिहार के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री विजय कुमार श्रीवास्तव की पुत्री है। चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



रमाकांत सोनी सुदर्शन,
नवलगढ़, झुंझुनू राजस्थान

### कोई तो अपना होगा

चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

भीड़ भरी इस दुनिया में कोई तो अपना होगा।
सुख का सूरज निकलेगा पूरा हर सपना होगा।
ढूंढ रहा हूं उन आंखों को अपनापन से भरी हुई।
प्यार लुटाती इस हस्ती को देख तमन्ना हरी हुई।

जीवन की राह बताकर खुशियों के दीप जलाए।
बुलंदियों के आसमान में मुस्कानों के मोती पायें।
समझ सके मन की बातें दिल का दर्द जाने जो।
कोई तो अपना होगा सारे संसार में पहचाने वो।

मधुर तराने बोल मीठे बरसे स्नेह सुधा रसधार।
दिल के कोने में बसी प्यारी सूरत उनका प्यार।
दस्तक देने वाले राही धड़कन तक रुकना होगा।
दसों दिशाओं कहो तुम्ही कोई तो अपना होगा।

अपनापन सोंधी सौरभ महके पुष्प फुलवारी।
बहती रहे प्रेम गंगा खिल जाए पुष्पित क्यारी।
भव सिंधु में राम मिलेंगे राम नाम जपना होगा।
श्रद्धा और विश्वास जहां कोई तो अपना होगा।

# मध्य प्रदेश में शतरंज में स्वर ने बाजी मारी



वाराणसी, चित्रांश एक्सप्रेस। मध्य प्रदेश के सागर में खेले गए डीपीएसएस शतरंज प्रतियोगिता में वाराणसी के स्वर श्रीवास्तव ने शानदार प्रदर्शन किया। 11 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नौ चक्रों में हुए मुकाबले में स्वर ने सबसे अधिक छह अंक हासिल किया। प्रतियोगिता में देश भर के 286 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन परिवार की ओर से स्वर श्रीवास्तव को हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं।



MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-8-8-1994
T.O.B. :-10:10 PM
P.O.B. :-Sawai madhopur Rajasthan
Gotra :-kashyap
Height :-5' 6"
Manglik :-
Edu. :-MA History , computer accounts micro soft.excal
Job :-
F.Name :-Manoj Kumar Shrivastava
M.Name :-Mrs Mithlesh Shrivastava
Address :-Spl 1 Ricco colony Kherda Sawai madhopur Rajasthan
Mob :- 9079838646 9694404520


SONAL SHRIVASTAVA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B.:- 06-07-1990
T.O.B.:- 06.50 p.m.
P.O.B.:- New DelhiGotra
father:- Kashyap Gotra
Height:- 5' 3" Mangali:- No
Qualifications:-Graduate
Job:- MNC - Planon India, Hyderabad
Annual income:- 22.5 LPA
Father : Anil Saxena Retired as Section Officer from Min. Of Finance
Mother: Manju Saxena
Address:- Gaur City-1, Noida Extension, Gautam Budh Nagar, UP Anil Saxena 9013376454Manju Saxena 9868886145


PRAGYA SAXENA

MARRIAGE BIO-DATA

DOB: 04/10/1999
Birth Time: 20:12 pm
Birth Place: Lucknow E
ducation: B.com (Hons), M.com, B.ed
Pursuing: PhD in commerce (Marketing subject ) from Amity University, Lucknow
Current job : Working in Flipkart as a business development manager
Mother Name: Reeta Saxena
Father Name: Dinesh Saxena
Home town: Sitapur, Uttar Pradesh
Current Residence: Lucknow
Contact number - 7317006311 , 7081401463


PRIYANKA SAXENA

MARRIAGE BIO-DATA

Birth Date : 27-08-1997
Birth Place : Azamgarh U.P.
Birth Time : 6:30 AM
Mangalik : No
Gotra : Kashyap
Education : (B.Com, M.Com).
F Name : Mr. Ashok Kumar Srivastava

Add.:ANC/045,Azad Nagar ,Kanpur Road near Amausi Airport Lucknow

Contact : 7007623189,9452372982, 9118733277


AKANSHA SRIVASTAVA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-22 Jan 1990
T.O.B. :-12:40 am
P.O.B. :- Imphal
Gotra :- Ambastha
Height :- 5'9"
Manglik :-
Edu. :-(B.E.) from Pune University
Job :-Software Engineer Manager
Annual Salary – 44 lacs per annum
F.Name :-Mr. Ravin Kumar Sinha
M.Name :-Mrs. Poonam Vala Sinha
Address :-Hela bazar, near konhara ghat, hajipur (vaishali), bihar
Mob :- 7972472738 (mother) 9149975220 (father)


PRITESH SINHA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-16 October 1992
T.O.B. :-3:07 pm
P.O.B. :-Mathura, Uttar Pradesh
Gotra :-Karariwa
Height :-5 F 10 Inch
Manglik :- No
Edu. :-B.Tech (IT)
Job :-Cyber Security, Western Union, Pune
Income: 34 LPA
F.Name :-Late Shri Anil Kumar Saxena
M.Name :-Mukta Saxena
Address :-Mathura, Uttar Pradesh
Mob :- 8218367926(Mother)


VIKALP SAXENA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-12th March 1997
T.O.B. :-
P.O.B. :-
Gotra :-Singh
Height :-5 feet 6 inches
Edu. :-B. Tech Mechanical (Honors) - RTU
Job :-Working with MNC
F.Name : - (Late) Sh. Anil Saxena
M.Name :-Smt. Meena Saxena
Address :-118/47, Vikramaditya Marg, Agrawal Farm, Mansarovar, Jaipur - 302020
Mob :- - 9461543216, 8619552796


VIBHOR SAXENA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-14/12/1996
T.O.B. :-3:45 PM
P.O.B. :-Biharsharif
Gotra :-Ambastha
Height :-5 F 5 Inch
Manglik :- No
Edu. :-MBA in Finance (BIMM, Pune) B.Com in Accounts Hons.
Job :-Oracle (Bangalore) Financial Analyst
F.Name :-Ajay Kumar
M.Name :-SimmiKumari
Address :-GayatriNiwas, Adarsh Nagar, Road No - 3, Phulwari Sharif,
Mob :- - 9006634367


AMISHA SINHA

MARRIAGE BIO-DATA

DOB: : 8-8-1994
BOT : 10:10 PM
POB : Sawai madhopur
Hight : 5'6".
Gotar : kashyap
Education : MA History
Father - Manoj Kumar Shrivastava
Mother -Mrs Mithlesh Shrivastava
Address- Spl 1 Ricco colony Kherda Sawai madhopur Rajasthan.
Mobile : 9079838646, 8949354721
Only- Rajasthan MP Delhi


SONAL SHRIVASTAVA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B.:-18/10/1993
T.O.B.:-07:00 PM P.O.B.:-Jaipur
Gotra:-SikanderPuria
Height :- 5 feet 11inch Manglik :-No
Education MCom
Job :- Tele Performance Jaipur M.C.A.
Income :-3 lac
F. Name : -MadhupSaxena
Mother Name :-Maya Saxena
Address :-DadiKaFatak, Jaipur
Mob :-9772202022


AMAN SAXENA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-15/10/1993
T.O.B. :-10.30 PM
P.O.B. :- Sawai Madhopur
Gotra :- Barseriya
Height :- 5 feet 7 inch
Manglik :- No
Education: B.Com, CA, CSA-L2
F. Name :-Mr. Ashok Saxena
M. Name :-Smt. Rekha Saxena
Address :-EB 704 , Arbana Jewels Society Near Muhana Mandi, Sanganer Road, Jaipur-302029
Mob :- 94140 45265, 94140 31740


ALANKAR SAXENA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-07-06-1993
T.O.B. :- 02:30 A.M.
P.O.B. :- Agra ( UP)
Gotra :-Parnevar
Height :-5 feet 6 inches
Manglik :- yes
Edu. :- MCA, BCA, Computer Harware & Networking
Job :- IT Computer Business
F.Name :-Sh. Suresh Chandra
M.Name :-Smt. Sadhana Srivastav
Address :- 2/1291, Kudi Bhagtasni Housing Board Sector- 2, Jodhpur
Mob :- 9950125210, 9511504179


ANUPAM SHRIVASTAV

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :- 19 Dec. 1998
T.O.B. :- 2.51 P.M.
P.O.B. :-Shivpuri (M.P.)
Gotra :-Amrotiya
Height :-5' ft. 6" inch.
Manglik :- No
Edu. :-B.B.A. & MBA in Finance and marketing from NDIIT NEW DELHI
Job :-Account ASAHI INDIA GLASS LIMITED GURUGRAM
Annual Income:- 4.10 L.P.A.
F.Name :-Mr. Manoj Saxena
M.Name :-Late Mrs. Nidhi Saxena
Address :-Gwalior M.P.
Mob :- - 8384091352


YASH SAXENA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :- 5/10/1990
T.O.B. :- 9.15am
P.O.B. :-Bikaner
Gotra :-
Height :-5.5" inch
Manglik :- No
Edu. :-B Tec (Electrical Engineering)
Job :-Data Analyst at GEDU Global Education Pvt Ltd.. Noida
F.Name :-Late sh Dinesh Kumar
M.Name :-Vandana Bhatnagar
Address :-B-3/355 Sudarshan Nagar Bikaner, Rajasthan
Mob :- - 8949903293, 9314185401


ANKIT BHATNAGAR

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :- 04-12-93
T.O.B. :-02:05 P.M.
P.O.B. :-Jaipur, Rajasthan
Gotra :- Laloriya
Height :- 5 ft. 5 inches Manglik :- NO
Education B.Tech in CS from Poornima College,Jaipur,RTU KOTA
Job :- Senior Quality Assurance Engineer in Veritas LLC,Posted Pune
Annual income:- 20 LPA
F. Name :-Adv. Rakesh Saxena
M. Name :-Mrs.Neelima Saxena
Address :-Dev Nagar,Tonk Road,Jaipur
Mob :- 95712 16971


ER.ARUSHI SAXENA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-04/10/1999
T.O.B. :-20:12 pm
P.O.B. :-Lucknow
Gotra :-
Height :-
Manglik :- No
Edu. :-B.com (Hons), M.com, B.ed
Job :-CICI Bank as a senior officer

F.Name :-Dinesh Saxena
M.Name :-Reeta Saxena

Address :-Sitapur, Uttar Pradesh
Mob :- - 9554580028, 9794749102


PRIYANKA SAXENA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :- 2_8_1986
T.O.B. :- 8.10 pm
P.O.B. :-Ajmer
Gotra :- JHAMRIYA
Height :- 5 fit 5 inch
Manglik :- No
Edu. :-PostGraduation
Job :-business construction line partner ship

F.Name :-Ashok swroop mathur
M.Name :-BEENA MATHUR
Address :-Vaishali nagar. Ajmer
Mob :- - 7976759692. 7611001658


PRASHANT SRIVASTAVA

MARRIAGE BIO-DATA

D.O.B. :-25 May 1999
T.O.B. :- 04:50 A.M.
P.O.B. :- Hajipur, Bihar
Gotra :-Kashyap
Height :-5 feet 0 inches
Manglik :- No
Edu. :-B. Pharm
Job :-Regulatory Affairs Specialist at Cbayexpress Corporation (Herbishh) Nodia
F.Name :-Sh. Rajesh Ranjan Verma
M.Name :-Sarita Sinha
Address :- Bharat City, Ghaziabad
Mob :- 9319973209


Arunima

# वर्तमान संदर्भ में महिला जीवन मूल्यों की संवाहक या बाधक – डॉक्टर स्नेह लता सहाय



चित्रांश एक्सप्रेस। वैदिक काल से ही महिलाओं को सनातन परंपराओं से ओतप्रोध नारी चेतना को पुनः पुनः प्रतिस्थापित करता रहा क्योंकि महिलाओं के संकल्प, संस्कार एवं स्वाभिमान के सहारे ही देवमय संताने गड़ी जाती है जिससे समाज में देवमय वातावरण का निर्माण संभव है । मां का स्थान तो साक्षात भगवान का स्थान माना जाता है। कहा भी है कि 'यत्र नार्यस्तु पूज्यते रमंते तत्र देवता'

आज के परिवेश में तो यह और भी आवश्यक हो गया है क्योंकि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़कर पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए क्रियाशील है, अतः महिलाओं के सम्मान से ही धर्म संस्कृति का उत्थान हो सकता है। महिलाएं ही जीवन गुणवत्ता की कुंजी के साथ ही परिवार एवं समुदाय की रीड भी है। फिर जीवन मूल्यों की बाधक कैसे हो सकती है? कदापि नहीं। जीवन मूल्यों का अभिप्राय है कि जीवन में अपने जाने वाले सिद्धांत अथवा मान्यताएं। यह मूल्य ही हमारे जीवन को संतुलित रखने में सहायक है । इनके आधार पर ही जीवन की गुणवत्ता निश्चित होती है। इन मूल्यों के अभाव में ही जीवन की सार्थकता समाप्त हो जाती है । यह जीवन मूल्य हमें परिवार से ही प्राप्त होते हैं, इसलिए तो परिवार को समाज में गुणों की प्रथम पाठशाला कहा गया है। महिलाएं ही परिवार की देखभाल करती है जिस समुदाय का निर्माण होता है। महिला कामकाजी हो अथवा घरेलू, आज भी अपने परिवार पर तन मन धन सर्वत्र अर्पण कर रही है। अपने बच्चों के लिए तो स्वयं को भी भूल जाती है इसीलिए तो जननी का स्थान तो स्वर्ग से भी श्रेष्ठ कहा गया है। ईमानदारी, सत्यता, समर्पण, शिष्टाचार, आत्मनिर्भरता, करुणा, दया, परोपकारता आदि जैसे जीवन मूल्य घर की महिलाओं से ही मिलते हैं। तो हुई ना जीवन मूल्यों की संवाहक। संवाहक का अर्थ है वहन करना अथवा संरक्षण करना, महिला इसे पूर्ण रूपेण वहन करती है।

# होली मिलन समारोह में होली के गीत गाये, और फूलों से होली खेली



बदायूँ , ( मुकेश सक्सेना ) चित्रांश एक्सप्रेस । अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के अध्यक्ष मुकेश सक्सेना जी की अध्यक्षता में बदायूँ रोड अनुपम नगर स्थित ऐवीकेएम मुख्यालय पर सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने होली मिलन समारोह में होली के गीत गाये, और फूलों से होली खेली। कार्यक्रम में सभी लोग म्यूजिक पर खूब थिरके और एन्जॉय किया कार्यक्रम में बरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश सक्सेना, उपाध्यक्ष राजेश सक्सेना, कोषाध्यक्ष श्यामदीप सक्सेना, संयुक्त सचिब सुनील कुमार सक्सेना, युवा अध्यक्ष अमित आनन्द, संजीव कुमार सक्सेना, संतोष कुमार सक्सेना, सुधीर महान, वीरेंद्र रायजादा, शिवाजी सक्सेना, स्नेह राज सक्सेना, रजनी सक्सेना, शालिनी सक्सेना, अंशु, पूजा सक्सेना, उपलक्ष्य डीप, ममता जौहरी, शोभा सक्सेना, ज्ञान सक्सेना आदि समारोह में शामिल रहे। सभी पदाधिकारियों ने अध्यक्ष मुकेश सक्सेना का फूल मालाओ से स्वागत किया। अंत में अध्यक्ष मुकेश सक्सेना जी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# अंतरराष्ट्रीय वीरता गौरव सम्मान – 2025 से सम्मानित हुए ब्लड फ़ोर्स टीम के परिवार

समस्तीपुर , चित्रांश एक्सप्रेस। समस्तीपुर की सामाजिक संस्था ब्लड फ़ोर्स टीम को मिथिला द्वार हसनपुर बीथान में सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए आमजन सेवा समिति द्वारा आयोजित 'अंतरराष्ट्रीय वीरता गौरव सम्मान समारोह व रक्त दान महाकुंभ' में किया गया सम्मानित । मौके पर टीम के रेगुलर ब्लड डोनर और कोर मेंबर नीतेश बरनवाल,रविन्द्र खत्री,दिवाकर यादव उपस्थित थे । ब्लड फ़ोर्स टीम के फाउंडर राहुल श्रीवास्तव और उनके पूरे टीम का एक ही संकल्प है कि 'आओ मिलकर करे एक ऐसे युग का निर्माण' 'जहां रक्त की कमी से न जाए किसी का भी जान' यह सम्मान उन सभी रक्तवीर एवं सहयोगी साथियों को समर्पित है। जो लगातार जरूरत के समय टीम के साथ 24x7 खड़े रहते है।




# डॉ. रोहित सक्सेना ने गिरजेश निगम को निजी सचिव (प्रशासन) नियुक्त किया

कानपुर, चित्रांश एक्सप्रेस। वरिष्ठ पत्रकार एवं भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) के नेता डॉ. रोहित सक्सेना ने गिरजेश निगम को अपना निजी सचिव ( प्रशासन ) नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संगठन और प्रशासनिक कार्यों के बेहतर संचालन और समन्वय को ध्यान में रखते हुए की गई है। डॉ. रोहित सक्सेना ने इस अवसर पर कहा कि गिरजेश निगम एक योग्य, अनुभवी और समर्पित व्यक्ति हैं, जिनकी प्रशासनिक समझ और कार्यशैली से संगठन को निश्चित रूप से लाभ नावात्रा मिलेगा । गिरजेश निगम ने अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे



डॉ. रोहित सक्सेना के विश्वास पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे और संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे । उन्होंने कहा कि वे प्रशासनिक कार्यों को कुशलतापूर्वक संभालने और पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हरसंभव योगदान देंगे। डॉ. रोहित सक्सेना ने उम्मीद जताई कि गिरजेश निगम की नियुक्ति से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और प्रशासनिक कार्यों में गति आएगी। इस नियुक्ति के बाद से भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने गिरजेश निगम को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा महिला मोर्चा का हुआ होली मिलन समारोह



कासगंज, अमित कुमार, चित्रांश एक्सप्रेस । शहर के नदरई गेट स्थित बीएस डायनामिक स्कूल में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा महिला मोर्चा का होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान सभी महिला पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह के बाद पदाधिकारियों ने बैठक की और संगठन की मजबूती पर चर्चा की। कार्यक्रम के शुभारंभ पर महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष साधना जौहरी ने महिलाओं का परिचय कराते हुए पटका पहनाकर अभिनंदन किया। इसके बाद सभी महिलाओं ने अबीर गुलाल लगाकर, गले लगाकर एक-दूसरे को त्योहार की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान सभी महिलाओं ने होली के गीत सुनाए और खूब झूमीं। जिलाध्यक्ष साधना जौहरी ने संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा महिला मोर्चा के प्रदेश नेतृत्व से जो भी कार्यक्रम निर्धारित किए जाएंगे, उन्हें बेहतर तरीके से आयोजित कर सफल बनाने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान जिला महामंत्री किरण सक्सेना ने भी अपने विचार व्यक्तकिए। इस दौरान जिलाध्यक्ष साधना जौहरी, किरण सक्सेना, रश्मि सक्सेना, भगवान कुमारी सक्सेना, सरिता कुलश्रेष्ठ, बीना रायजादा, सुमन सक्सेना, चंदन देवी, ज्योत्स्ना सक्सेना, अरुणा जौहरी, मीनाक्षी सक्सेना, ज्योति कुदेशिया, माधवी सक्सेना, पूजा सक्सेना, नीता जौहरी, नीतू सक्सेना, अंजलि सक्सेना, बिन्दु सक्सेना, आशी सक्सेना, नैना सक्सेना, कनक सक्सेना, समेत अन्य महिला पदाधिकारी मौजूद रहीं।

# चित्रांश कायस्थ समाज वेलफेयर सोसाइटी द्वारा होली मिलन के अवसर पर भगोरिया मेले का आयोजन किया गया



चित्रांश एक्सप्रेस । संस्था के अध्यक्ष विजय सक्सेना व सचिव संजय निर्गुण ने बताया कि इस अवसर पर सभी आदिवासी वेशभूषा में पधारे एवं मेले का आनंद लिया । इस मेले में अलीराजपुर, धार, कुक्षी, देवास से कायस्थ जन उपस्थित हुए। कार्यक्रम के संयोजक थे सत्येंद्र श्रीवास्तव, सत्या श्रीवास्तव, विवेक भटनागर, श्रद्धा शरण। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारी वीना सक्सेना व रतनेश श्रीवास्तव । महिलाओं और पुरुषों ने आदिवासी वेशभूषा धारण कर पारंपरिक नृत्य किया एवं समाज के सदस्यों द्वारा नृत्य गायन व हास्य व्यंग्य की प्रस्तुतियां दी गई इस परंपरागत मेले व सांस्कृतिक संध्या का आनंद उठाया । कार्यक्रम का संचालन हास्य कवि सुरेश अजनबी और कामना श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में प्रदीप भटनागर, उमेश श्रीवास्तव, सुरेश सक्सेना, साधना सक्सेना, अरुण अपेक्षित सहित अनेक कायस्थ जन उपस्थित रहे।

डेंगु एवं मलेरिया का प्रभावी ईलाज
HOMOEOPATHIC CHIKISTA KENDRA

Dr. B.C. Saxena
B.Sc. D.H.M.S.
(Heart & General Physician)
Mob.: 98281-59170
विशेषज्ञ : हृदय रोग, पाइल्स, अल्सर पथरी, बच्चों के रोग, स्त्री रोग
38/17, Madhyam Marg, Kiran Path, Mansarovar, Jaipur-302020
E-mail : brijesh.sexena1@gmail.com
Timing Summer : 8 -12 am 5 - 8 pm | Sunday
Winter : 9 -1 am - 5 - 8 pm | Evening Closed

Amit Saxena
9468957703
VOLTAS | MITSUBISHI ELECTRIC | acer | GENERAL | Haier | BOSCH | SAMSUNG | HITACHI
COOL POINT ENGINEERS
Deals in : Air Conditioners, Miccrowave LED, Refrigerator, Washing Machine
10/7, Swarn Path Crossing, Madhyam Marg, Mansarovar, Jaipur - 302020
Phone : 0141-2786263 | E-mail : coolpointjaipur@gmail.com

# गुजरा बचपन जिस ऑंगन में, उसे समझते क्यों बेगाना...



बरेली, चित्रांश एक्सप्रेस। उत्तर प्रदेश सचिवालय लखनऊ के नवीन भवन स्थित ऐतिहासिक तिलक हॉल में सचिवालय की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था- स्कल्पर की तरफ से होली मिलन समारोह का आयोजन उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की मौजूदगी में हुआ। इस अवसर पर कवि सम्मेलन में सचिवालय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन समिति के संस्थापक एवं संपादक- सचिवालय दर्पण डॉ. अखिलेश कुमार श्रीवास्तव ने बरेली के गीतकार उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट के गीत 'होली पर अपने घर आना, गुजरा बचपन जिस ऑंगन में, उसे समझते क्यों बेगाना.... से विदेश में रहने वाले बच्चों के लौटने की आस लगाए बुजुर्गों का दर्द बयां किया। प्रयागराज के डॉ वीरेंद्र सिंह कुसुमाकर ने ऋतुराज छटा बिखराया है, प्रियतम आज फिर फागुन आया है से वाहवाही पाई इसके साथ ही रायबरेली की डॉ गीता पांडेय अपराजिता, डॉ अम्बरीश कुमार सिंह, डॉ उमेश चंद्र वर्मा ने अपनी रचनाएँ प्रस्तुत कीं।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने विशेष सचिव नियुक्ति विनीत प्रकाश, संयुक्तसचिव नमामि गंगे डॉ अम्बरीश कुमार सिंह और डॉ चांदनी बाला को सचिवालय दर्पण निष्ठा सम्मान से विभूषित किया इसके साथ ही विपुल कुमार मिश्रा को सचिवालय दर्पण शब्द शिल्पी सम्मान दिया गया। दर्पण काव्य शिल्पी सम्मान प्रयागराज के गीतकार राजेंद्र कुमार शुक्ल, राजस्व के अनु. अधिकारी लोकेश त्रिपाठी एवं गीता पांडेय ( रायबरेली ) को दिया गया।

# होली स्नेह मिलन धूमधाम से मनाया

जोधपुर ( आशुतोष माथुर ), चित्रांश एक्सप्रेस ।







कायस्थ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ( KCCI ) राजस्थान, जोधपुर चैप्टर द्वारा भव्य होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें समाज के प्रतिष्ठित व्यापारी, उद्योगपति और उद्यमी शामिल हुए। रंगों के इस उल्लासमय आयोजन में सदस्यों ने आपसी मेल-जोल बढ़ाया और व्यापारिक नेटवर्किंग को मजबूत किया गया कार्यक्रम की शुरुआत रंगारंग गुलाल उत्सव से हुई जिसके बाद सभी ने घुड़सवारी और क्रिकेट का लुप्त उठाया । सभी के लिए म्यूजिकल चेयर और बच्चों के लिए कई प्रकार के गेम्स का आयोजन कमिटी की तरफ से किया गया। पारंपरिक संगीत और मनोरंजक गतिविधियों ने माहौल को और खुशनुमा बना दिया।

इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने एकता, सहयोग और व्यापारिक उन्नति पर चर्चा की जिससे समाज के व्यापारिक जगत को और सशक्तबनाने का संदेश दिया गया। साथ ही KCCI के आगामी आयोजनों और योजनाओं पर भी चर्चा हुई। स्नेह भोज के बाद सभी पधारे हुए सदस्य एवं उनके परिवारजनों को धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

वही सभी सदस्यों और परिवारों द्वारा एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और साथ मिलकर 'रंगों में व्यापार, व्यापार में उन्नति' की भावना को मजबूत किया। KCCI जोधपुर चैप्टर का यह आयोजन समाज के व्यापारिक संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ग्वालियर द्वारा भव्य होली मिलन समारोह



ग्वालियर, चित्रांश एक्सप्रेस। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ग्वालियर द्वारा भव्य होली मिलन समारोह श्री चित्रगुप्त धाम कायस्थ छात्रावास दौलतगंज ग्वालियर में आयोजित हुआ समारोह में पूर्व भाजपा अध्यक्ष एवं ग्वालियर विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष ( राज्य मंत्री )श्री अभय चौधरी, कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी संजीव श्रीवास्तव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ राकेश रायजादा, राष्ट्रीय सचिव राकेश सक्सेना, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत भटनागर, जिलाध्यक्ष धौलपुर विजय श्रीवास्तव अतिथि के रूप में एवं आयोजक के रूप में जिलाध्यक्ष ग्वालियर देवशरण श्रीवास्तव आदि पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य कायस्थ बंधु मौजूद रहे

# होली मिलन समारोह में बच्चों ने प्रस्तुतियों से बांधा समां




मुरादाबाद, चित्रांश एक्सप्रेस। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट द्वारा होली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नगर विधायक रामपुर आकाश सक्सेना, विशिष्ट अतिथि नगर विधायक मुरादाबाद रितेश गुप्ता ने भगवान चित्रगुप्त के चित्र पर पर पुष्प अर्पित किए। संस्था के सदस्यों ने धूमधाम से फूलों की होली खेली। आकाश सक्सेना ने कहा कि संस्था द्वारा कायस्थ समाज की मूलभूत जरूरत जैसे मेडिकल, शिक्षा और अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए कार्य किया जा रहा है। बच्चों ने सुंदर प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में समां बांधा। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना एडवोकेट ने कहा कि हमारे ट्रस्ट द्वारा कायस्थ परिवारों को बेहतर उपचार दिलवाने के उद्देश्य से कई अस्पतालों के साथ समझौता किया गया है। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वालों को सम्मानित किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय महामंत्री दीपक सक्सेना, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला नीतू सक्सेना, मेजर सुदेश भटनागर, डॉ. हिमांशु भटनागर, निश्चल भटनागर, निश्चल भटनागर, दिलीप भटनागर आदि उपस्थित रहे ।




सम्पादक - डॉ. अरूण कुमार सक्सेना । सीईओ - अजीत सक्सेना । सह-सम्पादक - रवि माथुर । संरक्षक - धर्मेन्द्र जौहरी
www.chitranshexpress.in | E-mail : chitranshexpress.in@gmail.com | 8440082770